आई टी एल पब्लिक स्कूल
अद्‌र्ध वार्षिक परीक्षा (2024-25)
विषय- हिंदी
पुनरावृति कार्यपत्रिका **उत्तरकुँजी**

दिनांक ः सितंबर 2024 कक्षाः चतुर्थ
समय ः 2 घंटे कुल अंक ः 50
नाम ः अनुक्रमांकः

सामान्य निर्देश- 1)इस कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ , 3 भाग और कुल 9 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग- क | |
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>(क) राहुल के पिताजी ने गेंद खरीदी----।<br>(ख) खाने से पहले अपने हाथ धोने चाहिए।<br>(ग) मैं जर्मन भाषा बोल /सीख/ पढ़ रहा हूँ।<br>(घ) हलवाई ने समोसे बनाए।<br>(ङ) हवा के चलने से पेड़ के पत्ते हिलने लगे।<br>(च) बच्चे को बाज़ार जाना है। | |
| प्रश्न 2 | दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।<br>(क) चुहिया (ख) गुड़िया (ग) थाली (घ) डिबिया<br>(ङ) कविता (च) रात (छ) कलम (ज) माला<br><br>(क) चुहियाँ (ख) गुड़ियाँ (ग) थालियाँ (घ) डिबियाँ<br>(ङ) कविताएँ (च) रातें (छ) कलमें (ज) मालाएँ | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) सड़क के किनारे बच्चा बैठा था। सड़क बच्चा जातिवाचक<br>(ख) पिताजी अपने बचपन में बहुत शरारती थे । बचपन भाववाचक<br>(ग) माँ ने सामान खरीदने के बाद दवाई ली। सामान जातिवाचक<br>(घ) नए साल की सजावट बहुत अच्छी थी । सजावट भाववाचक<br>(ङ) आज हम अक्षरधाम मंदिर घूमने जाएँगे। अक्षरधाम व्यक्तिवाचक | |
| प्रश्न 4 | 'नाव बनाओ नाव बनाओ' कविता के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>गुल्लक भारी, अपनी खोलो | |

| | | |
|---|---|---|
| | हल्की मेरी, नहीं टटोलो,<br>पैसे नए-नए ही रोलो ।<br>फिर बाज़ार लपक तुम जाओ<br>भैया मेरे, जल्दी आओ।<br>क) इन पंक्तियों के कवि का नाम लिखिए। हरिकृष्ण दास गुप्त<br>ख) बालिका की गुल्लक कैसी है? हल्की<br>ग) भैया लपक कर कहाँ जा रहा है? बाज़ार<br>घ) गुल्लक में क्या है ? नए- नए पैसे | |
| प्रश्न 5 | भाग ख<br>दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकता में हुआ था।इनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था।इनके पिता विश्वनाथदत्त कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील थे और माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक विचारों वाली महिला थी।इनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे।शिकागो में इन्होंने एक सभा में अपने भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' वाक्य से की। इस वाक्य से इन्होंने अमेरिका में सबका दिल जीत लिया था।इनका अधिकांश समय भगवान शिव की पूजा में बीतता था।इन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की जो आज तक अपना काम कर रहा है।4 जुलाई 1902 में उनकी मृत्यु हो गई।<br>(क) स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम क्या था ?<br>उत्तरः इनका वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था।<br>(ख) इन्होंने किस मिशन की स्थापना की?<br>इन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।<br>(ग) इन्होंने अमेरिका में सबका दिल कैसे जीत लिया?<br>उत्तरः'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' वाक्य से इन्होंने अमेरिका में सबका दिल जीत लिया था।<br>(घ) इनके माता -पिता का क्या नाम था?<br>इनके पिता का नाम विश्वनाथदत्त और माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था।<br>(ङ) गद्यांश में से समानार्थक शब्द ढूँढे। ईश्वर भगवान मन दिल | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 6 | दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।<br>(क)संतुष्ट- जिसको संतोष हो गया हो (ख)छक्के छूटना-हिम्मत हारना<br>(ग)भड़कीली-तड़क-भड़क वाली (घ)घड़ों पानी पड़ना-बहुत शर्मिंदा होना | |
| प्रश्न 7 | किसने ,किससे कहा?<br>(क) संसार का केंद्र कहाँ है? अकबर ने बीरबल से कहा<br>(ख) कैसी अकल है तुम्हारी। जमाल साहब ने नसीरूद्दीन से कहा | |
| प्रश्न 8 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें।<br>(क) कवि ने किस चीज़ को खोट बताया है और क्यों?<br>उत्तर ः कवि ने आलस को खोट बताया है क्योंकि भैया आलस के कारण बाज़ार जाने में आना- कानी कर रहे थे।<br>(ख) आकाश में कितने तारे हैं इसके उत्तर में बीरबल ने क्या कहा?<br>उत्तरः बीरबल ने एक भेड़ मंगाते हुए कहा -इस भेड़ के शरीर पर जितने बाल हैं उतने ही तारे आकाश में हैं।<br>(ग) नसीरूद्दीन ने जमाल साहब का परिचय कैसे करवाया?<br>उत्तरः नसीरुद्दीन ने कहा- ये हैं मेरे ख़ास दोस्त। वैसे इन्होंने जो अचकन पहनी है वह मेरी है।<br>(घ) 'दोस्त की पोशाक' कहानी आपको कैसी लगी?<br>उत्तरः दोस्त की पोशाक कहानी मुझे मनोरंजन और शिक्षाप्रद लगी।<br>(ङ)सवाल पूछकर ख़्वाजा सरा क्या साबित करना चाहते थे?<br>उत्तरः सवाल पूछ कर ख़्वाजा सरा बीरबल को मूर्ख साबित करना चाहते थे और नीचा दिखाना चाहते थे। | |
| प्रश्न 9 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें।<br>राष्ट्रीय पक्षी मोर<br>या<br>शीत ऋतु<br>छात्रगण अपनी रचनात्मकता के आधार पर स्वयं करेंगे। | |